# संयुक्त राष्ट्र संघ में कॅरिअर के विकल्प

*— राकेश चोपड़ा*

संयुक्त राष्ट्र संघ (यू एन ओ) एक अंतर्राष्ट्रीय संघ है, जिसकी स्थापना 1945 में की गई थी. इसका मुख्यालय न्यूयार्क (अमरीका) में है. इसके मुख्य घटक निम्नलिखित हैं :- जनरल असेम्बली, सुरक्षा परिषद, सचिवालय एवं आर्थिक तथा सामाजिक परिषद, यू.एन.ओ के मुख्य लक्ष्य हैं- अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना, आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति, बेहतर जीवन-स्तर तथा मानव अधिकारों को बढ़ावा देना. इस समय 193 देश इसके सदस्य हैं. इसके सचिवालय कार्यालय न्यूयार्क, जिनेवा, नैरोबी, तथा विएना में स्थित हैं, इसके अधीन कई महत्वपूर्ण संगठन जैसे यूनेस्को, यूनीसेफ, यू.एन.डी.पी., डब्ल्यूटी.ओ, यू एन.एच.सी.आर.डब्ल्यू.एच.ओ., आई.सी.जे, विश्व बैंक आदि कार्यरत हैं और अंतर्राष्ट्रीय समुदायों की सहायता कर रहे हैं.

सितंबर, 2000 में, विश्व के नेता न्यूयार्क स्थित संघ के मुख्यालय में एकत्र हुए और संयुक्त राष्ट्र की सहस्राब्दि घोषणा - नितांत निर्धनता को कम करने के लिए एक नई सार्वभौमिक सहभागिता के प्रति राष्ट ्रों की वचनबद्धता पारित की, जिसमें 2015 के निर्धारित समय तक कई समयबद्ध लक्ष्य भी रखे गए - जो सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों (एम.डी.जी) के रूप में प्रसिद्ध हैं.

ये आठ लक्ष्य निम्नलिखित हैं :-

- ❑ नितांत निर्धनता उन्मूलन
- ❑ सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा
- ❑ लिंग समानता तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना
- ❑ शिशु-मृत्यु दर घटाना
- ❑ मातृ स्वास्थ्य में सुधार लाना
- ❑ एच.आई.वी. तथा एड्स, मलेरिया एवं अन्य रोगों का सामना करना.
- ❑ पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करना.
- ❑ विकास के लिए एक व्यापक सहभागिता बढ़ाना

आठों एम.डी.जी. योजना पर सभी देश तथा विश्व की प्रमुख विकास संस्थाएं सहमत हैं, उन्होंने विश्व के सबसे निर्धन एवं अत्यधिक सीमांत व्यक्तियों की आवश्यकता को पूरा करने के प्रेरक तथा अभूतपूर्व प्रयास किए हैं.

संयुक्त राष्ट्र न तो विश्व शासक है और न ही यह कानून बनाता है. तथापि, यह अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष/विवादों को सुलझाने में सहायता करता है और हम सभी को प्रभावित करने वाले मामलों पर नीति निर्धारित करता है. संयुक्त राष्ट्र में सभी राष्ट्र – बड़े एवं छोटे, धनी या निर्धन, भिन्न राजनीतिक विचारों तथा सामाजिक व्यवस्था रखने वाले हों, इस प्रक्रिया में एक-ध्वनि तथा एक-मत रखते हैं. अरबी, चीनी, फ्रैंच, अंग्रेजी, रूसी तथा स्पेनिश भाषाएं संयुक्त राष्ट्र की छह राजभाषाएं हैं. महासचिव संयुक्त राष्ट्र संघ सचिवालय के कार्यपालक प्रमुख हैं.

**यू.एन.ओ. में कॅरिअर के विकल्प**

यू.एन.ओ., अपनी अंतर्राष्ट्रीय सिविल सेवा में विभिन्न संवर्गों में अपने सभी सदस्य राष्ट्रों से कर्मचारियों तथा व्यवसायियों की एक खुली तथा पारदर्शी आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती करता है. इनमें से कुछ श्रेणियां निम्नलिखित हैं :-

- युवा व्यवसायी कार्यक्रम (वाई.पी.पी.)
- भाषा प्रतियोगी परीक्षाएं
- एसोशिएट विशेषज्ञ कार्यक्रम
- कर्मचारी वर्ग
- स्वयं सेवी कार्यक्रम
- इंटर्नशिप कार्यक्रम
- अस्थायी रोज़गार

**यू.एन. सिविल सेवा — युवा व्यवसायी कार्यक्रम (वाई.पी.पी.)**

युवा व्यवसायी कार्यक्रम, भारत के व्यावसायिक रूप से योग्य युवाओं के लिए अत्यधिक प्रासंगिक, लाभप्रद तथा आकर्षक है, क्योंकि यह कार्यक्रम उन्हें प्रतिष्ठित स.रा. सिविल सेवा में कार्य करने का अवसर देता है. विदेश मंत्रालय (भारत सरकार) तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के सहयोग में संयुक्त राष्ट्र यवा व्यवसायी कार्यक्रम (वाई.पी.पी.) – यूएन. सिविल सेवा परीक्षा-2012 नामक एक भर्ती पहल संचालित कर रहा है, जो एक वार्षिक खुली, पारदर्शी, प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र (यू एन ओ) में नई प्रतिभा देगी. यह परीक्षा कई वर्षों बाद भारतीय नागरिकों के लिए पहली बार खुली है उच्च योग्यता रखने वाले युवा व्यवसायियों के लिए यह कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र में अपना कॅरिअर प्रारंभ करने के लिए एक प्लेटफार्म है.

इसके लिए पात्रता अपेक्षाएं इस प्रकार हैं:-

* 31 दिसंबर, 2012 को 32 वर्ष या कम आयु के हों.

* रोज़गार से जुड़े किसी विषय में विश्वविद्यालय की स्नातक या मास्टर डिग्री (नीचे उल्लिखित शैक्षिक पृष्ठभूमि देखें)

* अंग्रेजी या फ्रैंच में धाराप्रवाह हो.

इस वर्ष यह परीक्षा वास्तुकला, आर्थिक कार्य, सूचना प्रणाली तथा प्रौद्योगिकी, राजनीतिक मामलों, रेडियो निर्माता (किश वाहिली, पुर्तगीज) तथा सामाजिक मामलों में शैक्षिक पृष्ठ भूमि रखने वाले उम्मीदवारों के लिए होगी.

उम्मीदवार केवल एक वर्ग के लिए आवेदन कर सकता है (एक से अधिक वर्गों के लिए भेजे गए आवेदन पत्र रद्द कर दिए जाएंगे). महिलाओं को भी आवेदन करने के लिए अत्यधिक प्रोत्साहित किया जाता है.

वाई.पी.पी. परीक्षा **05 दिसंबर, 2012 को** नई दिल्ली में ली जाएगी. पात्र उम्मीदवार **http://careersun.org/ypp** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इस साइट पर उन्हें पात्रता-अपेक्षाओं तथा आवेदन-पद्धति पर विस्तृत सूचना भी मिलेगी.

**यू एन सिविल सेवा युवा व्यवसायियों में क्या तलाशती है?**

**सत्यनिष्ठा**

हमेशा निःस्वार्थ, निष्पक्ष तथा ईमानदारी के साथ कार्य करना ही सत्यनिष्ठा है. जब युवा व्यवसायी संयुक्त राष्ट्र में कार्य करता है तो उसका अर्थ हुआ कि संघ की गरिमा को अपने दैनिक कार्यकलापों और आचरण में उतारना. सत्यनिष्ठा कर्मचारियों के व्यवसायवाद को बनाए रखती है; यह दक्षता का आधार है.

संयुक्त राष्ट्र संघ विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के सहयोग से युवा व्यवसायी कार्यक्रम (वाई.पी.पी.) के लिए एक प्रवेश परीक्षा – यू.एन. सिविल सेवा परीक्षा-2012 का आयोजन करेगा. यह परीक्षा उन भारतीय नागरिकों क लिए है जो संयुक्त राष्ट्र मे कॅरिअर के विकल्प तलाश रहे हैं. यह परीक्षा 5 दिसंबर, 2012 को नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी.
रोज़गार समाचार यू.एन.ओ. में उपलब्ध कॅरिअर के विकल्प की जानकारी दे रहा है.

**व्यावसायिकता**

व्यावसायिकता के साथ कार्य करने के लिए कार्यसमर्पित, कर्तव्यनिष्ठ होना तथा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने एवं परिणाम प्राप्त करने के लिए कुशल होना अपेक्षित है. इसका अर्थ है अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में सक्षमता प्रदर्शित करना, और किसी भी स्थिति में, अपने कार्य में श्रेष्ठ संभावित उपस्थिति, वचनबद्धता तथा उत्कृष्टता प्रदर्शित करना.

**विविधता के प्रति सम्मान**

विविधता संयुक्त राष्ट्र की एक निर्धारक विशेषता है और संघ स्वीकार करता है कि इसके स्टाफ की विविधता इसके जटिल कार्यों को करने का एक गुण है. वाई.पी.पी. को, एक दूसरे की विशिष्टता को सम्मान देने तथा आम चुनौतियों का समाधान करने के लिए और अच्छे तथा रचनात्मक उपाय तलाशने के लिए, उन पर विश्वास करने के लिए प्रेरित किया जाता है. सार्वभौमिक सोच रखना किंतु स्थानिक कार्य करना सही समाधान ढूंढने का समान्यतः एक सही मंत्र है.

इसके अतिरिक्त, यू.एन, सिविल सेवा भर्ती प्रक्रिया बुनियादी क्षेत्रों जैसे नवप्रवर्तन, मौलिकता, निरंतर सीखने के प्रति वचनबद्धता, एकजुटता, ग्राहक ध्यान, संचार में उत्कृष्टता, नियोजन एवं संयोजन, मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के प्रति वचनबद्धता, प्रौद्योगिकी ज्ञान, नेतृत्व तथा अन्यों को सशक्त करने के लिए प्रेरित करना आदि में उम्मीदवारों की सूक्ष्म सक्षमता का गंभीरता से मूल्यांकन करती है.

**कॅरिअर-पथ**

वाई.पी.पी. को प्रारंभ में दो वर्षों के लिए नियुक्त किया जाएगा और उसके बाद नियमित नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा. संघ कार्य-केन्द्रों में तथा कार्य-क्षेत्रों में परिवर्तन को बढ़ावा देता है. एक नए भर्ती वाई.पी.पी. के रूप में उसने, उनकी सेवा के प्रारंभिक पांच वर्षों में कम से कम दो भिन्न कार्यों तथा कार्य-केन्द्रों पर कार्य करने की प्रत्याशा की जाती है. इन्हें ओरिएंटेशन तथा मोबिलिटी प्रशिक्षण तथा कॅरिअर समर्थन दिया जाएगा. इससे उन्हें सीखने की अवधि को अनुकूल बनाने एवं तथा तीव्रता लाने और अंतर्राष्ट्रीय सिविल कर्मचारी के रूप में उत्पादनशील कार्य करने तथा कार्य-संतुष्टि प्राप्त करने में सहायता मिलेगी.

संयुक्त राष्ट्र में कॅरिअर के कुछ स्पष्ट निर्धारित मार्ग हैं. व्यवसाय की विविधता तथा बहुविषयक जनादेश का अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति न केवल कार्य, विभाग ही बदल सकता है, बल्कि संगठन या कार्य-क्षेत्र भी बदल सकता है, यद्यपि ऐसे परिवर्तन में अध्ययन, समय एवं प्रयास आवश्यक होते हैं. साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण अनुभव, व्यापक संकल्पना तथा चुनौती-पूर्ण कार्य भी दिए जाते हैं

अन्य भू-भाग में स्थानांतरण एक अन्य तथ्य है जो संयुक्त राष्ट्र में कॅरिअर को सकारात्मक रूप में प्रभावित करता है. वरिष्ठ पदों पर कॅरिअर की प्रगति विभिन्न स्थानों पर सेवा सहित स्थानांतरण के प्रमाण पर निर्भर करती है.

कॅरिअर-पथ व्यावसायिक विकास के बारे में आकांक्षा तथा र्निणयों का प्रतिबिम्ब है. संघ, किसी भी व्यक्ति के कॅरिअर निर्णय को प्रोत्साहन तथा समर्थन देने के लिए प्रभावी व्यवस्था द्वारा एक समर्थक भूमिका निभाता है. स्टाफ की तैनाती तथा स्थानांतरण आवश्यकतानुसार सदस्य राष्ट्रों में यू.एन. कार्यालयों में कहीं भी या यू.एन. मुख्यालय में की जा सकती है.

वाई.पी.पी. का वार्षिक कुल वेतन 37000 से 80000 अमरीकी डॉलर होता है (राष्ट्रीय सरकार यू.एन.के कर्मचारियों से सामान्यतः कोई कर नहीं लेती है).

अतिरिक्त भत्ते नियमानुसार देय होते हैं.

**परीक्षा-प्रक्रिया**

लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार प्रक्रिया का आयोजन संयुक्त राष्ट्र कॅरिअर वेबसाइट पर दिए गए विवरण के अनुसार किया जाता है. सामान्य मामलों (निबंध लेखन सहित) पर प्रश्न-पत्र तथा ऐच्छिक शैक्षिक विषयों के प्रश्न-पत्र लिखित परीक्षा के भाग होते हैं.

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसायी (जिनकी विश्व में अत्यधिक मांग है) इस कॅरिअर को एक अत्यधिक नए एवं आकर्षक रूप में स्वीकार कर सकते हैं. विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि के आवेदक अपने विषय के नमूना प्रश्न-पत्र, सामान्य मामलों के नमूना प्रश्न-पत्र तथा अन्य सभी आवश्यक विवरण यू.एन. की वेबसाइट **http://careers.un.org/ypp** पर देख सकते हैं.

यू.एन.ओ.के अन्य भर्ती कार्यक्रमों के विवरण यू.एन.ओ. की अधिकारिक वेबसाइट के कॅरिअर सेक्शन में देख सकते हैं.

(आभार; सामान्य रूप में आम व्यक्तियों और विशेष रूप से योग्य युवा भारतीय व्यवसायियों के लाभ के लिए अधिकांश सूचना यू.एन.ओ की वेबसाइट - **carrer section** से ली गई है).

***(लेखक विभिन्न विषयों से जुड़े मामलों के मुंबई स्थित लेखक है. ई मेल - rakesh_chopra7 @ yahoo.com)***